लखनऊ सिटी ट्राँसपोर्ट सर्विसेज लि0
दूरभाष नं0 0522–4102570
Website: www.lctsl.org ई–मेल आई0डी0–mdlctsl2012@gmail.com

पत्रांकः 4503 एलसीटी/18–संविदा परिचालक/18 दिनांक 27 जून, 2018

लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 में बस संचालन हेतु परिचालकों की कमी पूरा करने के लिए संविदा के आधार पर परिचालकों को आबद्ध किया जाता है। वर्तमान रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार प्रदर्शित है :–

GENERAL	SC/ST
100	27

ऑनलाईन आवेदन दिनांक 02.06.2018 को प्रातः 9.00 बजे से दिनांक 03.06.2018 को सायं 05.00 तक लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की वेबसाइट www.lctsl.org पर स्वीकार किये गये थे। उपरोक्त रिक्तियों के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त करने की तिथि 30.06.2018 से 14.07.2018 समय 9.00 बजे से 17.00 बजे तक विस्तारित की जाती है। आवेदक उक्त अवधि में लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 की वेबसाइट www.lctsl.org पर आवेदन कर सकेंगें। उपलब्ध रिक्तियों की संख्या आवश्यकता अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।

उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर संविदा परिचालकों हेतु निम्न विवरण के अनुसार आवेदन कर सकेंगें।

1. होमगार्ड जो 12वीं पास हो।
2. भूतपूर्व सैनिक जो 12वीं पास हो।
3. अर्द्धसैनिक बलों के सेवा निवृत्त कर्मचारी जो 12वीं पास हो।
4. समस्त सरकारी/निगमों के सेवा निवृत्त एवं छटनाशुदा कर्मचारी (जिनकी आयु 45 वर्ष से कम हो)
5. एन0सी0सी0 के 'बी' प्रमाण पत्र अभ्यर्थी जो 12वीं पास हो।
6. इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने भारत स्काउट्स एवं गाइड संस्था से तृतीय सोपान/राज्य सरकार अथवा राष्ट्रपति पुरस्कार के प्रमाण पत्र प्राप्त किये हो अथवा रोवर रेन्जर की निपुणता प्राप्त की हो।
7. प्रथम श्रेणी (60 प्रतिशत अथवा उससे अधिक प्राप्तांक वाले) में इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने केन्द्र सरकार/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानों से 'ए' लेवल का कम्प्यूटर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया हो।
8. इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने केन्द्र सरकार/राज्य सरकार से मान्यता प्रमाण पत्र संस्थानों से आई0टी0आई0 का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया हो।
9. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व भूतपूर्व सैनिकों की आयु सीमा में शासन के नियमानुसार छूट दी जायेगी।

10. चयनित अभ्यर्थियों को रू0 10000/– (रू0 दस हजार मात्र) प्रतिभूति के रूप में एलसीटीएसएल के कोष में जमा करने होगे। इन्हें 15 दिन का अवैतनिक प्रशिक्षण डिपो स्तर पर दिया जायेगा।
11. चयनित संविदा परिचालको को कि0मी0 आधार पर वर्तमान लागू दरों के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
12. चयनित संविदा परिचालकों को एक अनुबन्ध पत्र भरना होगा जो 11 माह तक मान्य होगा तथा प्रत्येक 11 माह बाद पुनः नवीन अनुबन्ध पत्र सम्पादित करना आवश्यक होगा।

नोटः– किसी भी श्रोत से आवेदकों को भर्ती करने अथवा न करने का अधिकार प्रबन्धन के पास सुरक्षित है।

13. परिवहन निगम अथवा किसी एस0पी0बी0 कम्पनी से सेवा से प्रथक किये जा चुके या किसी कदाचार के कारण संविदा से हटाये गये कार्मिक इस भर्ती हेतु अर्ह नहीं होंगे।
14. ऑनलाइन हेतु आवेदन हेतु देय आवेदन शुल्क का विवरण निम्नवत् हैः–

1.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु शुल्क	रू0 100/– + निर्धारित बैंक शुल्क
2.	सामान्य वर्ग हेतु शुल्क	रू0 200/– + निर्धारित बैंक शुल्क

आवेदन शुल्क किसी अन्य को हस्तांतरित नहीं किया जा सकेगा और न ही आवेदको को वापस किया जायेगा।

15. आवेदित अभ्यथियों का चयन इण्टरमीडिएट में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट के आधार पर किया जायेगा।
16. चयनित अभ्यर्थियो को लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 में तैनात किया जायेगा।
17. चयनित अभ्यर्थियों को रू0 10,000/– प्रतिभूति के रूप में जमा कराने होंगें। इन्हें नियमानुसार 15 दिन का अवैतनिक प्रशिक्षण दिया जायेगा।
18. संविदा परिचालकों को कि0मी0 के आधार पर भुगतान किये जाने का प्राविधान है।
19. चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 में तैनात किया जायेगा।
20. चयनित अभ्यर्थियों को रू0 10,000/– प्रतिभूति के रूप में जमा करने होंगें। इन्हें 15 दिन का अवैतनिक प्रशिक्षण दिया जायेगा।
21. चयनित संविदा परिचालकों को कि0मी0 के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

(आरिफ सकलैन)
प्रबन्ध निदेशक